

# तथ्य पत्रक
# स्रोत ऑस्ट्रेलियन कपास

AUSTRALIAN COTTON

ऑस्ट्रेलिया, सवंहनीयता ट्रेसिबिलिटी तथा नवाचार के ईष्यापूर्ण ट्रैक रेकार्ड के साथ दुनिया कुछ उच्चतम गुणवत्ता वाले कपास का उत्पादन करता है. ऑस्ट्रेलिया के कपास उत्पादक सामाजिक रूप से जागरूक हैं और अपने स्थानीय समुदायों के प्रमुख योगदानकर्ता हैं. यह कोई आश्चर्य की बात नहीं है कि अधिक से अधिक ब्रांड और खुदरा विक्रेता अपने उत्पादों और कपास प्राप्ति की रणनीतियों में ऑस्ट्रेलियाई कपास को शामिल करना चाहते हैं.

## क्या उम्मीद की जाए

एक बार जब आप ऑस्ट्रेलियाई कपास के प्राप्त करने का निर्णय ले लेते हैं, तो आप इसे अपने आपूर्तिकर्ता श्रृंखला भागीदारों को स्पष्ट रूप से बताना शुरू कर सकते हैं. यह जितना संभव हो उतनी जानकारी के साथ खुद को लैस करने के साथ शुरू होता है, फिर बात आती है, अपने आपूर्तिकर्ताओं के बारे में पूछताछ करने और उनसे अनुरोध करने की.

ऑस्ट्रेलियाई कपास के परिष्कृत एवं तैयार उत्पाद या कपड़े आमतौर पर आपूर्तिकर्ताओं से उपलब्ध नहीं होते हैं. ऐसा इसलिए है क्योंकि हमारे कताई मिल के ग्राहक आमतौर पर दुनिया के अन्य हिस्सों में उगाए गए कपास के साथ ऑस्ट्रेलियाई कपास मिला देते हैं ताकि सर्वश्रेष्ठ कीमत पर कुछ गुणवत्ता विशेषताओं को पूरा किया सके. जब तक कोई ब्रांड 100% ऑस्ट्रेलियाई कपास की मांग नहीं करता है, तब तक किसी कताई मिल की यार्न, कपड़े और तैयार उत्पादों को बनाने के लिए इसे हाथ लगाने की कोई संभावना नहीं होती.

अच्छी खबर यह है कि ऑस्ट्रेलियाई कपास की परिधानों, घरेलू सामानों, यार्न और कपड़ों सहित उत्पादों की एक विस्तृत श्रृंखला में मांग तेजी से बढ़ती जा रही है. ऐसे आपूर्तिकर्ता हैं, जो चाहते हैं कि आपका व्यवसाय यह सुनिश्चित कर सके कि आपके उत्पादों को ऑस्ट्रेलियाई कपास से बनाया गया है या ऑस्ट्रेलियाई कपास के साथ मिलाया गया है.

## कपास ऑस्ट्रेलिया कैसे मदद करता है

अपने कपास टू मार्केट कार्यक्रम के माध्यम से, कपास ऑस्ट्रेलिया ऐसे ब्रांड भागीदारों के साथ काम करता है जो ऑस्ट्रेलियाई कपास को लंबी अवधि के लिए कपास प्राप्ति की रणनीतियों का हिस्सा बनाने के लिए उत्सुक हैं. जबकि यह अंततः ब्रांड की जिम्मेदारी है कि वे अपनी आपूर्ति श्रृंखला स्थापित करें, कपास ऑस्ट्रेलिया अपने सीमित संसाधनों के भीतर जहां भी संभव हो, सहायता करता है.

कॉटन ऑस्ट्रेलिया, ऑस्ट्रेलियाई कपास शिपर्स संघ के साथ अपने संबंधों के माध्यम से, अपने निकटतम कताई मिल ग्राहकों के प्रति सही स्पष्टता रखता है और ब्रांडों में आमतौर पर अपने आपूर्तिकर्ताओं तथा कटाई और सिलाई निर्माताओं को लेकर कुछ स्पष्टता होती है. ऑस्ट्रेलियाई कपास की आपूर्ति श्रृंखलाओं की स्थापना और आवश्यक ट्रेसिबिलिटी साक्ष्य प्रायः एक संयुक्त प्रयास होता है जहां दोनों पक्ष किसी भी छोर से आपूर्ति श्रृंखला में शामिल होते हैं और बीच में मिलने के लिए काम करते हैं.

## ब्रांड के लिए समर्थन


> प्रस्तुतियों और वेबिनार सहित आपके कर्मचारियों के लिए ऑस्ट्रेलियाई कपास से जुड़ा प्रशिक्षण

> ऑस्ट्रेलियाई कपास का उपयोग करने वाले कताई और कपड़े के मिलों की निर्देशिकाओं सहित कपास की आपूर्ति श्रृंखलाओं
को स्थापित करने में सहायता

> आपूर्तिकर्ताओं से जानकारी और प्रतिक्रिया को समझने में सहायता

> ऑस्ट्रेलियाई कपास के लिए संरक्षण और पता लगाने योग्य आवश्यकताओं की श्रृंखला के बारे में जानकारी प्रदान करना

> ऑस्ट्रेलियाई कपास की गांठों पर ट्रेसेबिलिटी जांचें




## ऑस्ट्रेलियाई कपास की प्राप्ति में कठिनाई का स्तर

कॉटन ऑस्ट्रेलिया के ब्रांड भागीदारों का अनुभव काफी अलग होता है. कुछ ब्रांडों ने प्रक्रिया को बहुत आसान पाया है और कुछ ने इसे मुश्किल पाया है, खासकर शुरुआत में. कभी-कभी आपूर्तिकर्ता कुछ अलग तरह से करने के लिए अनिच्छुक होते हैं और ऑस्ट्रेलियाई कपास की प्राप्ति में ज़्यादा काम करना शामिल हो सकता है क्योंकि यह आपके ऑर्डर में अधिक जटिलता लाता है और पता लगाने योग्य साक्ष्यें को एकत्रित करने की आवश्यकता होती है.

यही कारण है कि कॉटन ऑस्ट्रेलिया ब्रांडों के साथ दीर्घकालिक साझेदारी में रुचि रखता है जहां हम आपके व्यवसाय के लिए काम आने वाले समाधान को हासिल करने के लिए आपके आपूर्तिकर्ताओं के साथ मिलकर काम कर सकते हैं. अगर आप लंबे समय तक ऑस्ट्रेलियाई कपास का इस्तेमाल जारी रखने का इरादा रखते हैं, तो शुरुआत में कड़ी मेहनत करना ज़्यादा मायने रखता है.

कॉटन ऑस्ट्रेलिया और ब्रांडों के पास जितने अधिक आपूर्ति श्रृंखला भागीदार होंगे, उतने ही अधिक आपूर्तिकर्ता उपलब्ध होंगे जो इस बात को समझेंगे कि ऑस्ट्रेलियाई कपास को अपने ग्राहकों के लिए कैसे प्राप्त किया जाए और उनके काम में कैसे लाया जाए. आपके आपूर्तिकर्ता के एक बार शामिल हो जाने पर और कुछ नया करने के लिए अभ्यस्त हो जाने पर और आपकी जानकारी बढ़ जाने पर प्रक्रिया हर बार आसान होती चली जाती है. हम वादा करते हैं!



## चीजें जो मदद करती हैं:

- अपने मौजूदा कपास आपूर्ति श्रृंखला के भागीदारों की समझ (हालांकि यह आवश्यक नहीं है, और कपास ऑस्ट्रेलिया के साथ काम करना अक्सर एक आपूर्ति श्रृंखला की बेहतर स्पष्टता पाने की शुरुआत करने का शानदार तरीका है)
- आपूर्ति श्रृंखला के भागीदारों के साथ भरोसेमंद, दीर्घकालिक संबंध
- मात्रा या मूल्य के आधार पर क्रय शक्ति
- आपूर्तिकर्ता जो संतुष्ट करने के लिए उत्सुक हों और कुछ नया आज़माने के लिए तैयार हों
- स्त्रोतो से जुड़ी टीमें जो कार्यरत हों और ऑस्ट्रेलियाई कपास के समर्थक हों और आपके ऑस्ट्रेलियाई कपास के लक्ष्यों को पाने के लिए काम करने को तैयार हों
- कपड़ा प्रौद्योगिकीविदों, सोर्सिंग और अनुपालन कर्मचारी जिनके पास उच्च स्तर की तकनीकी और आपूर्ति श्रृंखला से जुड़ी जानकारी हो
- कताई मिल के भागीदार जो ऑस्ट्रेलियाई कपास के नियमित उपयोगकर्ता हों और इसलिए समय के आधार पर बाजार में वितरित किए जा रहे हैं ऑस्ट्रेलियाई कपास की कीमतों में उतार-चढ़ाव को नज़रअंदाज कर सकते हों
- आपके व्यवसाय में ऑस्ट्रेलियाई कपास के लिए एक चैंपियन जो सिद्धांतों के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध हो और कभी हार नहीं मानता हो!

## चीजें जो मदद नहीं करती हैं:

- ऐसे कर्मचारी या प्रबंधन जो यह नहीं समझते हैं कि आप ऑस्ट्रेलियाई कपास क्यों पाना चाहते हैं. हमारे अनुभव से पता चला है कि जब पूरी टीम शुरू से ही शामिल होती है, तो वे ऐसा करने के लिए बहुत अधिक प्रतिबद्ध और तैयार होते हैं और पूरी प्रक्रिया बहुत अधिक फायदेमंद होती है.
- आपूर्तिकर्ता और/या आपूर्ति श्रृंखला के भागीदार जो बदलाव लाने या कुछ अलग करने से इनकार करते हों
- आपूर्तिकर्ता या आपूर्ति श्रृंखला के भागीदार जो लागत में जबरदस्त इज़ाफा करते हों, जब हम जानते हैं कि तैयार परिधान में ऑस्ट्रेलियाई कपास के लिए केवल एक छोटा प्रीमियम होना चाहिए
- आपूर्ति श्रृंखला के भागीदार स्पष्ट और पारदर्शी होने के लिए तैयार न हों
- एक बार किए जाने वाले संग्रह के लिए प्राप्त करना और ऑस्ट्रेलियाई कपास को फिर कभी भी नहीं मंगाना . ऑस्ट्रेलियाई कपास को पाना यकीनन समय के साथ आसान हो जाता है और जब ऑस्ट्रेलियाई कपास के लिए दीर्घकालिक प्रतिबद्धता होती हो, तो शुरुआत में एक बड़ा प्रयास करना भारी मुनाफ़े के बीज बोता है
- छोटी समयावधि जो आपूर्तिकर्ताओं की न्यूनतम आवश्यकताओं को पूरा नहीं करते हों

## कैसे शुरू किया जाए

अच्छी खबर यह है कि ऑस्ट्रेलियाई कपास उन व्यवसायों के लिए जो इसे पाने के इच्छुक और सक्षम हैं, आपूर्ति श्रृंखला के माध्यम से आसानी से उपलब्ध है. एक बार आपके प्रयास कर लेने पर आपके पास उच्च गुणवत्ता वाले उत्पाद होंगे जिन्हें उपभोक्ता खरीदना पसंद करते हैं, आपको अपनी आपूर्ति श्रृंखला के बारे में अधिक पता चल पाएगा और आपके पास अपने ग्राहकों को बताने के लिए एक शानदार कहानी होगी.

कॉटन ऑस्ट्रेलिया, ऑस्ट्रेलियाई कपास की प्राप्ति के लिए आपके व्यवसाय की सहायता करने में सक्षम हो सकता है और कताई मिलों का विवरण प्रदान कर सकता है जो नियमित रूप से ऑस्ट्रेलियाई कपास के रेशे खरीदती हैं. **यदि आपको सहायता की आवश्यकता है, तो कृपया इस बारे में कोई पूछताछ करें.**



## ऑस्ट्रेलियाई कपास की प्राप्ति के लिए सुझाव

**आप ऑस्ट्रेलियाई कपास के निम्न उत्पादों को प्राप्त करके अपने सफलता की संभावनाओं को अधिकतम कर सकते हैं:**

- 100% कपास युक्त
- सुदृढ़, दोहराए गए उत्पाद श्रृंखला या कपड़े
- बड़े, सुसंगत मात्रा के साथ
- जहां आपके पास सबसे अच्छी आपूर्ति श्रृंखला की स्पष्टता है (जो कताई मिल के माध्यम से आदर्श है)
- जो आपको पारंपरिक रूप से पाने के लिए आसान लगता है
- उन आपूर्तिकर्ताओं से जिन्हें आप जानते हैं और जिन पर भरोसा करते हैं और जो आपके व्यवसाय में लंबा साथ निभाएंगे
- शीर्ष से लेकर निचले पायदान तक एकीकृत आपूर्तिकर्ताओं से
- जिनके पास संभवतः पहले से ही ऑस्ट्रेलियाई कपास हो सकता है (मिसाल के तौर पर, उच्च गुणवत्ता वाली सफेद, बारीक बुनी मुलायम चादरें)
- जो आपके ग्राहक(को) की समझ में आएगा
- आपूर्तिकर्ताओं से जो पता लगाने योग्य आवश्यक प्रमाण प्रदान करने के लिए तैयार हों




## अनुशंसित पहले चरण

1. लंबी अवधि की प्राथमिकता के साथ ऑस्ट्रेलियाई कपास के साथ काम करने के लिए प्रतिबद्ध हों
2. वरिष्ठ प्रबंधन, अनुपालन, मंगाना, खरीद, टिकाऊपन और विपणन की टीमों सहित पूरे व्यवसाय में ऑस्ट्रेलियाई कपास के लिए समर्थन प्राप्त करें
3. यह तय करें कि ऑस्ट्रेलियाई कपास से कौन-से उत्पाद(उत्पादों) को पहले बनाना है. उत्पादों की एक या कम संख्या के साथ शुरू करें, बेहतर हो कि बड़ी मात्रा में और 100% कपास से बना
4. कपास ऑस्ट्रेलिया की पता लगाने योग्य आवश्यकताओं और संरक्षण की श्रृंखला से परिचित हों
5. ऑस्ट्रेलियाई कपास के लिए पता लगाने योग्य आवश्यकताओं सहित आपूर्तिकर्ताओं के लिए एक संक्षिप्त और निर्धारित दिशानिर्देश और जांच सूची (चेकलिस्ट) विकसित करें
6. अपने उत्पाद(उत्पादों) के लिए आपूर्तिकर्ताओं को ऑस्ट्रेलियाई कपास के बारे में स्पष्ट तौर पर बताना शुरू करें
7. अपनी आपूर्ति श्रृंखला को जोड़ने में मदद करने के लिए, आपूर्तिकर्ताओं के प्रश्नों का उत्तर देने के लिए और पता लगाने योग्य आवश्यकताओं से जुड़ी जानकारी मुहैया करने के लिए कपास ऑस्ट्रेलिया के साथ काम करें



AUSTRALIAN COTTON

**अधिक जानकारी**

www.australiacotton.com.au
cotton2market@cotton.org.au